मॉर्निंग वाकर्स के साथ नगर आयुक्त ने की अनूठी पहल

शाहजहांपुर। महानगर में स्वच्छ वातावरण बनाने तथा स्वच्छता में नागरिकों की सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने एक अनूठी पहल की। जिसका सभी ने स्वागत कर अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाने का उनसे वादा भी किया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में अधिकाधिक नागरिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा आज सुबह सुबह ही निकल पड़े फैक्ट्री स्टेट की ओर। जहां नगर क्षेत्र के अधिकांश लोगों सहित महानगर के साइकिल राइडिंग क्लब एवम मॉर्निंग वाकर्स एसोसिएशन के ज्यादातर सदस्य मौजूद रहते हुए टहलने निकलते हैं। चूंकि नगरीय क्षेत्र के ज्यादातर लोगों से यही एकमात्र ऐसी जगह है जहां हर वर्ग के नागरिकों का जमावड़ा रहता है। बस इसी को मद्देनजर रखते हुए नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने इन सभी को महानगर की स्वच्छता से जोड़ने की पहल की शुरुआत की। उन्होंने इन सभी के साथ नगर में साइकिल रैली का आयोजन किया। इससे पूर्व उन्होंने मॉर्निंग वाकर्स के दर्जनों सदस्यों के साथ टहलते हुए उन्हें नगर की साफसफाई तथा स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने एक जगह पर इकट्ठा होकर सभी को संकल्पबद्ध होकर अपने अपने मोहल्ले व क्षेत्र में योगदान के लिए कहा। जिसका सभी ने तहदिल से स्वागत किया। संतोष कुमार शर्मा की सक्रियता की आज चहुंओर प्रशंसा की जा रही है।